खण्ड-12 संख्या-13

1193
01/08/16

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 2

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

मंगलवार, तिथि 14 जुलाई 1998 ई०

है;

(2) क्या यह बात सही है कि सेवा मंडल के उक्त छात्रावास के कमरे तथा छत जर्जर हो गए हैं, जिससे छात्रों का जीवन हमेशा खतरे में रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि संथाल परगना सेवा मंडल ने 1995 में ही सरकार को लिखकर उक्त छात्रावास की जिम्मेदारी सौंप दिया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर छात्रावास की मरम्मत कराने का विचार रखती हैं, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

## पोषाहार का वितरण

१३१२. **श्री जनार्दन पासवान** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिदिन पोषाहार का वितरण छात्रों के बीच करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि चतरा जिला के प्राथमिक विद्यालयों में वर्ष 1997-98 में मात्र जून एवं जुलाई 1997 में दो बार ही पोषाहार का वितरण किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोषाहार का प्रतिदिन वितरण करने का विचार रखती है ?

## स्टेडियम का निर्माण

१३१३. **श्री संजय कुमार** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने गत वर्ष निर्णय लिया था कि राज्य में खेल के विकास हेतु प्रत्येक जिला में आउट-डोर स्टेडियम तथा

इन-डोर स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा, परन्तु शेखपुरा एवं लखीसराय जिला में अभीतक इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ भी नहीं हुआ है;

(2) यदि उपयुक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शेखपुरा एवं लखीसराय जिला मुख्यालय में आऊट डोर स्टेडियम और इन डोर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

## श्री भगत का स्थानान्तरण

**१३१४. श्री रामाधार सिंह** - क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्री भगत मदनपुर प्रखंड में चार साल से अधिक समय से पदस्थापित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार चार साल से अधिक समय से पदस्थापित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्री भगत मदनपुर मौरंगाबाद को अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

## प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति

**१३१५. श्री रामनाथ यादव** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मध्य विद्यालयों के लिये प्रधानाध्यापकों की स्वीकृत पद 635 है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में कुल 635 प्रधानाध्यापकों में से अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के मात्र 11 प्रधानाध्यापकों ही कार्यरत हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुल 635 स्वीकृत पद के विरूद्ध आरक्षित वर्ग के शिक्षकों की आरक्षण के आधार पर प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने का विचार रखती हैं, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?